दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 302 मुरादाबाद 28 February 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## बाबा जी का प्रिय जानवर कौन सा गुल्लू या सांड़? अखिलेश ने योगी पर कसा तंज



पांच साल सत्ता से बाहर रहने के बाद देवरिया, गोरखपुर और कुशीनगर पहुंचे अखिलेश यादव ने साइकिल को जिताने की अपील की। अखिलेश यादव ने यहां सपा-गठबंधन प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। अखिलेश यादव ने इस दौरान पिछले पांच साल में भाजपा सरकार में हुए कामकाजों का जिक्र करते हुए सीएम योगी पर खूब बरसे। साथ ही सपा सरकार बनने पर लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली देने के साथ ही कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। कुशीनगर जिले के हाटा विधानसभा क्षेत्र में सपा के मंच से जनता को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा जब कि सपा ने 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया है तब से भाजपा वालों का सफार्मर ही फुंक गया है। अखिलेश यादव ने सांड़ और गोरखनाथ मंदिर में पालतू कुत्तू गुल्लू को लेकर भी तंज कसा। अखिलेश बोले, इस समय किसानों को बाबा जी की छोड़े जानवर बहुत परेशान कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि बाबा जी का प्रिय जानवर सांड़ है या फिर गुल्लू। सड़कों पर आए दिन सांड़ लोगों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कहा, सपा की सरकार आई तो सांड़ के हमले से जान गंवाने वाले परिवार को पांच लाख रुपये की मदद की जाएगी। अखिलेश ने भाजपा सरकार में दिए जा रहे फ्री राशन को लेकर कहा, पहले यह राशन नवंबर तक ही दिया जाना था, लेकिन चुनाव की तारीख नजदीक आते ही इसे मार्च तक बढ़ा दिया गया है। चुनाव खत्म होते ही फ्री राशन भी बंद हो जाएगा। अखिलेश बोले, सपा सरकार बनी तो यह राशन अगले पांच सालों तक दिया जाएगा। इसके साथ ही सपा सरकार पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य को देखते हुए सरसों का तेल, मिल्क पाउडर और चीनी भी एक-एक किलो उपलब्ध करवााएगी। उन्होंने कहा, सपा सरकार बनी तो समाजवादी पेंशन से गरीब माताओं को 1500 रुपये महीना दी जाएगी। साथ ही आटो चलाने वालों को पेट्रोल भी दिया जाएगा। हाटा में सपा के मंच से जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश ने सपा प्रत्याशी के साथ ही उनके सहयोगी दल सुभासपा प्रत्याशी के लिए भी वोट मांगे। अखिलेश यादव ने छड़ी को जिताने की अपील करते हुए कहा, पीला रंग देखकर भाजपा वाले ढीले पड़ गए हैं।

## यूपी चुनाव परिवारवादियों और कट्टर राष्ट्रभक्तों के बीच की लड़ाई: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का चुनाव वंशवाद और कट्टर राष्ट्रवादियों के बीच की लड़ाई है, जिसे विपक्षी दल नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में परिवारवादियों के खिलाफ दलित, शोषित, पीड़ित, वंचित सब के सब एकजुट हैं और सामान्य वर्ग ने भी उन्हें पटखनी देने की ठान ली है। देवरिया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश में पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने चीनी मिलों को बंद कर दिया और गन्ना किसानों का बकाया नहीं चुकाया। जबकि योगी आदित्यनाथ सरकार ने चीनी मिलों का आधुनिकीकरण किया और इथेनॉल सम्मिश्रण की सुविधा दी, जिससे राज्य को लगभग 12,000 करोड़ रुपये मिले। पीएम ने कहा कि ये डबल इंजन की सरकार है जो यूपी के 9 करोड़ से अधिक पिछड़ों को, 3 करोड़ दलित भाई-बहनों को और सामान्य वर्ग के



3 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन दे रही है। मुश्किल के समय में अपना ही साथ देता है। जो पराया होता है वो इन घोर परिवारवादियों की तरह घर में बैठ जाता है।

### सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार का मंत्र है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। गरीबों के पास पक्का घर हो, घर में नल से जल हो, गैस का कनेक्शन हो, बिजली हो, शौचालय हो, घर तक पक्की सड़क हो गरीब के जीवन को आसान बनाने वाली ऐसी अनेक योजनाएं हमारी सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार पानी की बाढ़ और अवैध कब्जे की बाढ़ दोनों को रोकने का काम कर रही है। भाजपा सरकार अब ऐसी व्यवस्था बना रही है कि अब कोई अपराधी किसी गरीब के घर की तरफ आंख उठाकर नहीं देख पाए।

## उत्तर प्रदेश 6.91 लाख करोड़ का कर्जदार, 40 प्रतिशत कर्ज योगी सरकार की देन: चिदंबरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने रविवार को बेरोजगारी और गरीबी के आंकड़ों के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की कथित बदहाली की तस्वीर पेश की और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। चिदंबरम ने कहा कि इस प्रदेश पर 6 लाख 62 हजार 91 करोड़ का कर्ज है, जिसमें से 40 प्रतिशत योगी सरकार की देन है। लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में चिदंबरम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का मतदान हो रहा है। बहुत ही मेहनत से यह चुनाव लड़ा जा रहा है। चार प्रमुख पार्टियां हैं, जो यहां चुनाव लड़ रही हैं और अपनी-अपनी बात मतदाताओं के सामने रख रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगभग सारी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। प्रियंका गांधी ने जो प्रचार और संवाद यहां किया, उसमें लड़की हूं लड़ सकती हूं नारा देकर पूरे देश में एक नया आयाम जोड़ा। इससे पूरे देश की राजनीति एक तरह से करवट बदलती दिखाई दे रही है। कांग्रेस नेता ने भाजपा



पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने इस चुनाव को देखा और समझा, नेताओं के भाषण सुने और उसके मद्देनजर मैं यूपी के भविष्य को लेकर चिंतित और आशंकित हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार एक तानाशाही सरकार है, जिसमें महिला सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और प्रदेश में जातीय और मजहबी उन्माद फैलाया जा रहा है। चिदंबरम ने यूपी की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि आपका राज्य एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है और अगर आप सही बटन दबाएंगे तो परिवर्तन आएगा और भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने दावा किया कि यूपी में जो सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) 2017 में 11.4 प्रतिशत था, वह अब घटकर -6.4 प्रतिशत हो गया है और प्रति व्यक्ति आय भी राष्ट्रीय आय की आधी रह गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि योगी सरकार में प्रति व्यक्ति आय 1.9 प्रतिशत घट गई है और यूपी पर 6 लाख 62 हजार 91 करोड़ का कर्ज है, जिसमें से 40 प्रतिशत मौजूदा सरकार की देन है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाते हुए चिदंबरम ने कहा कि यूपी बड़ी आबादी वाला राज्य है और देश में सबसे मेहनतकश लोग यहां पाए जाते हैं। आठ प्रधानमंत्री इस प्रदेश ने देश को दिए, लेकिन आज भी यूपी गरीब है, इसके लोग गरीब हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक व सामाजिक पैमाने पर यूपी पूरे देश में सबसे निचले पायदान पर है और यह देखकर अफसोस होता है। चिदंबरम ने कहा कि नीति आयोग का जो बहुआयामी गरीबी सूचकांक का आंकड़ा आता है, वह दिखाता है कि यूपी की 37.9 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। उन्होंने कहा कि 12 जिलों में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत से अधिक है और इनमें से तीन जिलों-श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर में यह 70 प्रतिशत से ज्यादा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सबसे ज्यादा नुकसान नई पीढ़ी को हो रहा है, क्योंकि यूपी में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने दावा किया कि अप्रैल 2018 से राज्य में बेरोजगारी दर दहाई के आंकड़े में आ गई है और हर चार में से एक नौजवान बेरोजगार है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार खाली पदों को नहीं भर रही है, क्योंकि नौकरी देना उसकी नीयत में नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का हर 16वां व्यक्ति अपने राज्य, अपने गांव को छोड़कर नौकरी के लिए बाहर जाता है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि 2 लाख 77 हजार शिक्षकों की कमी जिस राज्य में हो, वहां शिक्षा का स्तर कैसा हो सकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में बदहाली की तस्वीर पेश की और यूपी के मतदाताओं से सवाल किया कि क्या आप सोचकर वोट दे रहे हैं, क्या जब आप मतदान के लिए जाते हैं तो आपके सामने ये आंकड़े होते हैं, इन्हें देखकर आप किसे वोट देंगे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## हिंदू राष्ट्र शक्ति फर्रुखाबाद की बारहवीं मासिक बैठक

अमरदीप कुशवाहा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- हिंदू राष्ट्र शक्ति जनपद फर्रुखाबाद की बारहवीं मासिक बैठक कादरी गेट फर्रुखाबाद स्थित एक स्वास्थ्य प्रतिष्ठान में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवम् पुष्प चढ़ाकर श्री चंद्र शेखर आजाद जी की पुण्यतिथि एवम् कर्नाटक में बजरंग दल के यशश्री कार्यकर्ता हर्षा की हत्या पर दो मिनट के मौन के साथ ही दोनों हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय एवम् सनातन धर्मियों की समस्याओं एवम् उनके समाधान पर चर्चा हुई। श्री एन आर दुबे जी, देवेश नारायण अवस्थी, पुष्पेंद्र कटियार एवम् उपस्थित सभी राष्ट्रवादी साथियों ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अपने अपने विचार रखे। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री पुष्पेंद कटियार (जिलाध्यक्ष), देवेश नारायण अवस्थी,एड.( जिला प्रभारी), श्री महेंद्र प्रकाश जी( जिला विधिक सलाहकार), श्री पिंटू राठौर, जितेंद्र सिंह जी, श्री मुकेश राजपूत (कोषाध्यक्ष), श्री हृदेश सक्सेना (जिला सूचना प्रमुख), श्री करन मिश्र (प्रचार प्रमुख), श्री भानु प्रताप सिंह जी, श्री एन आर दुबे जी, अवनीश दीक्षित जी,श्री प्रियांश राठौर जी, श्री भानू तिवारी जी, श्री कुमुद अग्निहोत्री जी आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

## नेत्र परीक्षण वा हेल्थ परीक्षण का आयोजन

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




फर्रुखाबाद- सेवा धर्म समिति रजिस्टर्ड फर्रुखाबाद के तत्वाधान में मां गंगे मैया की पूजा अर्चना करके उनके आशीर्वाद से नेत्र परीक्षण वा हेल्थ परीक्षण का आयोजन लोहिया आई केयर सेंटर आवास विकास फर्रुखाबाद में हुआ आंखों का हेल्थ का परीक्षण मौजूद डॉक्टर सुमित कटिहार, डॉक्टर दीप्ति त्रिपाठी, डॉक्टर सना परवीन ,डॉक्टर प्रणति नारायण, डॉ निधि द्विवेदी ,डॉ मोहम्मद अनस खान, डॉक्टर सचिन दीक्षित के द्वारा किया गया/ कैंप पर 184 मरीजों का परीक्षण हुआ जिसमें से आंखों के ऑपरेशन के लिए 93 मरीजों को 28 फरवरी दिन सोमवार को प्रातः 8-00 लोहिया आई केयर सेंटर आवास विकास से बस द्वारा श्री द्वारकाधीश नेत्र चिकित्सालय कल्याणपुर कानपुर के लिए भेजा जाएगा यह सभी सुविधाएं समिति की ओर से निशुल्क की गई हैं कार्यक्रम में अतिथि डॉ अरविंद गुप्ता, श्री रामजी बाजपेई, श्रीमती भारती मिश्रा मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की व्यवस्था समिति के पदाधिकारी आशीष बाजपेई ,अविनाश सारस्वत (नीरज), अरविंद गुप्ता ,योगेश श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा, मनु गुप्ता ,विवेक सारस्वत ,सृजन रस्तोगी, अभिषेक मिश्रा, अमान खान आदि के देखरेख में संपन्न हुई

## दातागंज से उझानी खाटू श्याम के मंदिर जा रहे श्रद्धालु लोगों की ट्रैक्टर ट्राली पलटने से कई लोग घायल

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- दातागंज से पैदल यात्रा करके खाटू श्याम के मंदिर जा रहे श्रद्धालु लोगों की टैक्टर ट्राली पलटने से कई लोगों घायल हो गए जिस पर दातागंज की श्रद्धालु लोगों की कमेटी के लोगों ने घायल लोगों के लिए उपचार कराने के लिए तुरंत एंबुलेंस की व्यवस्था कर बदायूं जिला अस्पताल भेजा गया और कुछ लोगों के लिए दातागंज के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया उन लोगों की चोट लगी हुई थी जोकि साथी लोगों ने उन लोगों के लिए दातागंज के अपने निजी वाहन से भेज दिया और कुछ लोगों की गंभीर चोट होने पर उन लोगों के लिए बदायूं जिला अस्पताल भेजा गया जिस पर सभी लोग सही बताए गए हैं यह लोग हर साल इन्हीं दिनों में दातागंज से खाटू श्याम के मंदिर पैदल यात्रा कर डीजे के साथ नाचते गाते शाम को खाटू श्याम के मंदिर मैंआरती में भाग लेते हैं और खाटू श्याम के दर्शन करके अपने उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं जो कि यह लोग हर साल हजारों की संख्या में मंदिर के लिए जाते हैं जिसमें शिवम कुमार मिश्रा नितिन कुमार गुप्ता

*अन्य खबरों के लिए देखे.*
WWW.KNLSIVE.COM

## मैं डरने वाला नहीं...जिंदा रहकर नाक में कर दूंगा दम, खुद पर हुए हमले पर बोले ओवैसी



एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कुशीनगर, पडरौना और खड्डा विधान सभा क्षेत्रों में आयोजित चुनावी सभाओं में उन्होंने कहा कि बीजेपी झूठ बोलने में माहिर है। पिछले चुनाव में रोजगार देने का वादा कर आए थे जो झूठा साबित हुआ। मुख्यमंत्री के मुंह से हमेशा मुगल, कब्रिस्तान आदि निकलता है। वह समाज में नफरत फैलाने का कार्य करते हैं, जबकि ओवैसी व कुशवाहा नफरत मिटाने के काम काम करते हैं। उन्होंने पूछा कि आखिर स्लॉटर हाउस से भाजपा को क्या एतराज है? ओवैसी ने कहा कि हमारे गठबंधन की सरकार बनी तो यूपी में ढाई वर्ष बाबू सिंह कुशवाहा और ढाई वर्ष दलित समाज का सीएम बनेगा। तीन डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे। उन्होंने योगी सरकार से पूछा कि स्लाटर हाउस को क्यों बंद कराया गया। इसके बाद नौरंगिया में हुई दुर्घटना की चर्चा करते हुए कहा कि घटना के चौबीस घंटे बाद एम्बुलेंस पहुंचना, गंडक से बार-बार कटान बाढ़ आदि न रोक पाना सरकार की नाकामी है। सवाल किया कि मुस्लिम महिलाओं के हिजाब पहनने पर बीजेपी सरकार को क्यों आपत्ति है। ओवैसी ने आगे कहा कि मुझ पर कुछ दहशतगर्दों ने हमला किया, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं। जिंदा रहकर इनके नाक में दम कर दूंगा। हमारे लोग बीजेपी, सपा, बीएसपी के झांसे में न आकर मजबूती से वोट करें। किसी से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने पेट्रोल, डीजल, सरसों के तेल के दामों में इजाफा किया है। यदि इनको वोट देते हैं तो दस मार्च के बाद पेट्रोलियम पदार्थ भी महंगा होगा।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |

## शहर की सफाई व्यवस्था नगर का जायजा लेते डिप्टी एसपी सीओ कोतवाली निरीक्षक

सगीर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा शहर में लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान के नेतृत्व में महाशिवरात्रि के पर्व पर बनी 15 सदस्य कमेटी ने पूरे शहर की रूट व्यवस्था को चेक किया इसी के साथ जिले के , डिप्टी एसपी अनूप सिंह श्री विद्या सागर मिश्रा जी और डिप्टीए, एसपी अनूप सिंह श्री डॉक्टर जी ने और कोतवाल श्री मोहित चौधरी जी ने लघु उद्योग व्यापार मंडल की अमन कमेटी के साथ पूरे शहर का निरीक्षण किया और यातायात सफाई संबंधी सारी व्यवस्थाओं को चेक किया इसी के साथ कदीर तिराहे पर कावड़ियों का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया इसके बाद सभी कमेटी के सदस्य डिप्टी एसपी साहब ब्लॉक के सामने गौरव चौहान व्यापार मंडल अध्यक्ष चेयरमैन कृष्णा कॉलेज के आवास पर पहुंच कर वहां पर भी कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इस मौके पर लकी चौहान संजीव चौहान हाजी मुख्तियार सैफी साहिल खान शाहनवाज हुसैन अनुराग सिंघल मोहित अग्रवाल योगेश चौहान संतोष चौहान पंकज चौहान जुनेद आलम मौलाना अब्दुल रहमान इमरान खान अतिन अग्रवाल सईक पठान मौजूद रहे

## शिवसेना की बैठक जिला कार्यालय गायत्री नगर लाइनपार में संपन्न की गइ



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- शिवसेना की बैठक जिला कार्यालय गायत्री नगर लाइनपार में संपन्न की गई,बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध पर गहरी चिंता व्यक्त की गई तथा यूक्रेन में फंसे भारतीयों की सलामती के लिऐ दुआ की गई और भारत सरकार से उनके सकुशल वापसी के लिऐ समुचित उपाय करने की मांग की गई  बैठक में जिला प्रमुख डा.रामेश्वर दयाल तुरैहा ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है !भारत,ब्रिटेन और फ्रांस जेसे देशों को इस मामले में हस्तक्षेप कर युद्ध रोकने में सक्रियता दिखाकर इस अनावश्यक और अप्रासांगिक महासमर को किसी भयानक विनाश से पहले रोका जाना चाहिए  मुरादाबाद के 27,यू.पी 891 सहित भारत के लगभग 20000 छात्र छात्राएं व नागरिक अभी भी यूक्रेन में फंसे हुऐ हैं,शिव सैनिक भारत सरकार से शीघ्र ही सभी की सकुशल वापसी व युद्ध रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग करते हैं !बैठक में वरिष्ठ जिला उप प्रमुख बाबा कुशल सिंह,भवानी सेना जिला अध्यक्षा ठा.मंजू राठौर,जिला महासचिव रामचंद्र मेहरा,जिला कोषाध्यक्ष बबीता सैनी,प्रमोद सागर, विमल सागर,ठा.सुधा रानी, एड.रेशमा,विशाल कश्यप, टीटू कश्यप आदि मौजुद रहे !

## समाजवादी महिला सभा महानगर की एक बैठक आयोजित हुई

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- समाजवादी महिला सभा महानगर मुरादाबाद की एक बैठक गुइयां बाग स्थित महानगर कैम्प कार्यालय पर हुई जिसकी अध्यक्षता महिला सभा की महानगर अध्यक्ष शीरी गुल ने की एवं संचालन डॉ0 सलमा नासिर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव फ़ाखरा लईक ने कहा नेता जी के जमाने से ही सपा में महिलाओं का विकास व उत्थान किया गया है। महिलाओं के प्रति सपा सजग व संवेदनशील हैं और यही वजह है कि उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए 1090 हेल्पलाइन और डायल 100 जैसी त्वरित राहत देने वाली योजनाएं शुरू की। जबकि भाजपा सरकार ने डायल 100 का नाम बदलकर 112 कर दिया। इसी तरह के काम करके जनता को गुमराह करने का काम भाजपा ने किया है बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष शीरी




गुल ने दावा किया कि  प्रदेश में अखिलेश यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है सपा की सरकार बनने पर महिलाओं, छात्राओं और नौजवानों के लिए लैपटॉप, कन्या विद्या धन, बेरोजगारी भत्ता छात्र छात्राओं की पढ़ाई निशुल्क होगी महिलाओं को साल में तीन सिलेण्डर फ्री  महिला हेल्पलाइन एवं उनके बिशेष पुलिस बल जैसी जनकल्याण की योजनाएं फिर शुरू की जाएंगी संचालन करते हुए महिला सभा की महानगर उपाध्यक्ष डॉ0 सलमा नासिर ने कहा सपा सरकार बनते ही महिलाओं को भाजपा के जंगल राज से छुटकारा मिलेगा नफरत का सफाया होकर महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी इस मौके पर महानगर अध्यक्ष शीरी गुल प्रदेश सचिव फ़ाखरा लईक नगर विधासभा अध्यक्ष नाजिर खां  अल्फ़रत डॉ0 बुशरा फरत एकता शर्मा आफरीन महजबीन मृदुला यादव सुमविल मोनी शर्मा तनु शर्मा शमसा सायरा जोया वसा धर्मेन्द्र यादव डॉ0 नासिर रजनी कृष्णा

## अखिल किसान मजदूर सभा कार्यकर्ताओं ने महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का 91 शहादत दिवस मनाया

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता व किसान मजदूर जिला अध्यक्ष कॉमरेड कल्लन शाह के नेतृत्व में भारी संख्या में बथुआ खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का 91 वा शहादत दिवस मनाने के लिए इकट्ठा हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यपाल सिंह यादव तथा संचालन कॉमरेड  हर स्वरूप सिंह ने किया क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा वक्ताओं ने कहां कि शहीदों के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने मे ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी क्रांतिकारी जाति धर्म आदि से दूर एक शोषण विहीन समाज की स्थापना करना चाहते थे और मजदूर किसान की सत्ता को स्थापित करना चाहते थे जो कि उनके सपने अधूरे रह गए और ब्रिटिश हुकूमत ने झूठे मुकदमे लगाकर फांसी पर लटका दिया था लेकिन चंद्रशेखर आजाद ने प्रण लिया था कि मैं अंग्रेजों के न हाथ आऊंगा और ना ही अंग्रेजो के द्वारा वीरगति प्राप्त करूंगा और अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में उन्होंने तमाम अंग्रेज



सैनिकों को गोलियों से भून डाला और अंतिम गोली अपने सिर पर मार कर हमेशा हमेशा के लिए शहीद हो गए अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रांतीय अध्यक्ष कॉमरेड धर्मपाल सिंह ने संबोधित करते हुए रूस के द्वारा यूक्रेन पर किए जा रहे आक्रमण तथा हमलों निंदा की और क्रांतिकारी शहीदों के दिखाए रास्ते के अनुसार ही दिल्ली की सीमाओं पर चले  आंदोलन की ऐतिहासिक जीत और इसी तर्ज पर नेपा पेपर मिल की भूमि से जुड़े 7 गांव के किसानों को अपना संघर्ष मजबूत करने के लिए आव्हान किया कार्यक्रम में जिला सचिव कॉमरेड कैलाश सिंह बल करन सिंह वेद प्रकाश सिंह आजम शाह समून अहमद इंतजार हुसैन साबिर हुसैन नरेश सिंह जगदीश सिंह पांडे मोमराज सिंह प्रीतम सिंह ख्यालीराम कॉमरेड सुरेंद्र सिंह कॉमरेड भोला सिंह तेजपाल सिंह असलम शाह आदि मौजूद रहे

## हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे भोले बाबा के भक्त

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा गंगाजल लेकर लोटे भोले के भक्त गुंजा सारा नगर श्रद्धालुओं ने किया कांवर लेकर लौट रहे कांवरियों का सम्मान गूंज रही है सदाएं शिव शंकर को जिसने पूजा उसका बेड़ा पार हुआ कर्म योग में उसका जीवन खुशियों से भर मार हुआ भोले शंकर की पूजा करो ध्यान चरणों में इसके धरो कांवर लेकर लौट रहे हैं भोले के भक्तों से जब हमारे संवाददाता ने श्रद्धा लो से बात की तब श्रद्धालुओं भोले के भक्त शिव की महिमा अपरंपार बताते हुए कहा हम भोले के भक्त शिव शंकर का डमरु जब बाजे गा दुश्मन डर के भागे गा हम सच्ची लगन मन की भावनाओं से शिव शंकर भोलेनाथ से मन्नत मांगते हैं तथा तीरथ गंगाजल लेने कांवर लेकर शिव की महिमा, मैं मगन शिव शिव का जाप जब ते जाते शिव की धुन पर गाते जाते हैं हम इस जीवन में जब तक शिव शंकर भोलेनाथ की महिमा में लीन होकर शिव शंकर भगवान माता पार्वती की भक्ति सच्चे मन लगन निष्ठा से शिव की चारों धाम पूजा करते रहेंगे तब तक मनुष्य योनि में झूठ पाप से दूर रहेंगे यदि जो शिव भक्त सच्चे मन से शिव की गाथा गाते हैं अपना जीवन शिव के चरणों में शीश नवाते हैं हम रास्ते में भोले की भक्ति तीरथ



कंवर यात्रा को जाते हैं गंगाजल लेने सभी भोले के भक्तों का होता है पहले सम्मान फिर जलपान हमारी कांवरियों की शिव के भक्तों की बड़ी लगन सम्मान दृष्टि से शिव भक्तों को जलपान कराते शिव भक्तों को विश्राम कराते शिव भक्तों के साथ चलकर शिव की महिमा के गुण गाते हैं हम हमने सभी सामाजिक हिंदू मुस्लिम भाइयों को भोले के भक्तों का जलपान आदर सम्मान कराते देखा नगर के सभी मंदिरों पर जगा जगा गंगाजल लेकर लौट रहे कांवरियों जलपान भजन ग्रहण कर आते हैं सभी इंसानियत मानवता पसंद सामाजिक लोग

WWW.KNLSLIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

**Title Code : UPBIL05086**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# With self-reliance in the defense sector, we will be able to become a superpower in the true sense.

At a time when the prospects of a massive change in the world order have emerged after Russia's attack on Ukraine, it becomes even more necessary for India to accelerate its initiative to become self-reliant in the defense sector. It is good that the Prime Minister, while addressing a webinar related to the Defense Budget, gave renewed emphasis on self-reliance in the defense sector. During this, he mentioned that in the last few years, where there has been an increase in the export of defense materials, the process of malpractices in defense procurement has stopped. Despite this, there remains a need for India to achieve its goal of becoming self-reliant in the defense sector at the earliest. This has become necessary because after the attack on Ukraine, America and its allies have started to impose sanctions on Russia. These sanctions are also expected to have an impact on the purchase of defense materials from Russia. It also cannot be ignored that about 60 percent of India's defense material comes from Russia. Similarly, it is also a fact that despite all efforts to become self-reliant in the defense sector, India is one of the major importing countries of defense materials. The Prime Minister has rightly said that the process of buying arms from abroad is complicated and lengthy. At times, by the time the imported defense material reaches our forces, its usefulness has diminished. It is also a fact that there is so much competition in the international defense market that rival companies keep campaigning against each other's products. This creates confusion about the appropriate defense material and causes delay in defense deals. Although the ideal situation is that India should avoid the arms race, but till the time there is no change in the attitude of Pakistan and China, we have to be careful about our defense preparedness. No doubt to become self-reliant in the defense sector. The target cannot be achieved overnight, but it is enough that work should be done in this direction very fast. For this it is necessary that the private sector should come forward and compete with the public sector.

## Urvashi Rautela gave a bold pose on the beach wearing a bikini top, fans gave such a reaction after seeing the hot pictures of the actress


Bollywood actress Urvashi Rautela always remains in the headlines due to her bold style being visible to the fans. She keeps showing her bold style by wearing bikini and sometimes monokini and bold dress. Urvashi Rautela's hot and bold pictures often go viral on social media. He has once again shown his bold style. Urvashi Rautela has given bold poses wearing a bikini top on the beach. She has shared her pictures in bikini top on social media. Urvashi Rautela is very active on social media. She often shares special pictures and videos to stay connected with her fans. Urvashi Rautela has shared her two latest bold pictures on her official Instagram account. In the pictures, Urvashi Rautela is seen standing on the beach. In these pictures, she is wearing a blue bikini top. Also, there is an aviator on the eyes. Along with this, Urvashi Rautela has also put jewelery around her neck. In the pictures, the actress is seen posing in a bold style. Urvashi Rautela is getting a lot of hot and bold style in these pictures. Sharing these pictures, Urvashi Rautela has also written a special caption. He wrote in the caption, 'When I come out of the sea, I feel new.' Urvashi Rautela's fans are very fond of the pictures on social media. Also giving your feedback by commenting. Recently the actress celebrated her 28th birthday. Urvashi Rautela's birthday is on 25 February. On the occasion of birthday, Urvashi Rautela was congratulated by her fans and close friends through social media. Talking about her workfront, Urvashi Rautela will soon be seen playing the lead role in the thriller film 'Black Roses'. Apart from this, the actress will also be seen in the web series 'Inspector Avinash' with Randeep Hooda. Urvashi has so far



appeared in films like 'Great Grand Masti', 'Sanam Re', 'Hate Story 4'.

## 16 prisoners will be lodged in Kangana Ranaut's jail, know when and how you can watch 'Lockup'

Controversy queen Kangana Ranaut is going to debut on the OTT platform. A tremendous craze is being seen about his reality show 'Lockup'. Due to which the names of the contestants of the show surfaced, it is also being eagerly awaited. Kangana plays the host of the show. Recently, a court in Hyderabad had stayed the release of the show, after which it was feared whether it would be postponed but it did not happen. Now the Hyderabad Court has quashed the stay order and allowed the show to stream on time. This show of Kangana Ranaut will run for 72 days. A total of 16 celebrities will participate in this, who will be given basic facilities. You will be able to watch the show from today i.e. 27 February 2022 at 10 pm. It will be streamed on Alt Balaji and MX Player. Viewers can watch it for free on both the mediums. The confirmed names to appear on the show are actress Nisha Rawal, Poonam Pandey, standup comedian Munawwar Farooqui, wrestler Babita Phogat and actor Karanvir Bohra. Apart from these, the other names that are being discussed are Payal Rohatgi, Sara Khan, Tehseen Poonawalla and Saisha Shinde among others. Accused of stealing the concept- Ekta Kapoor's show was accused of copyright infringement, regarding which the matter reached the court. The petitioner Sanobar Baig had filed a copyright case. He says that this concept was his name 'The Jail'. He had shared it with Abhishek Rege of Endemol Shine India and now he has betrayed him. The Hyderabad Civil Court had banned 'Lockup' from streaming on any platform. The next hearing of the matter will be on March 9.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# प्रदेशीय फुटबॉल टीम में अनूप द्विवेदी चयनित



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश सिविल सर्विसेज फुटबॉल टीम का चयन कर सूची जारी की गई । चयनित खिलाड़ी ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज फुटबॉल प्रतियोगिता 10 मार्च से 15 मार्च 2022 तक छत्रसाल स्टेडियम मॉडल टाउन दिल्ली में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में जनपद एटा से लगातार पिछले 15 वर्ष से प्रतिभाग कर रहे अनूप कुमार द्विवेदी वरिष्ठ सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय एटा का चयन किया गया है। अनूप कुमार द्विवेदी के प्रदेशीय फुटबॉल टीम में चयन पर जिला विद्यालय निरीक्षक मिथिलेश कुमार,संतोष सिंह, वीरेश यादव, अनूप चंदेल ,मोहम्मद नईम, जिला फुटबॉल संघ के सचिव राजीव यादव, उपाध्यक्ष सेवाराम, अध्यक्ष देवेंद्र यादव बंटी ,मनीष दुबे ,सुशील यादव, संजीव यादव एआरएम सहित अन्य खिलाड़ियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है।

# आंधी बारिश से गेहूं की तेरह हजार हेक्टेअर फ़सल बर्बाद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सकीट/जैथरा- रात चली आंधी और इसके बाद हुई बारिश किसानों के लिए आफत लेकर आई। गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। करीब 13 हजार हैक्टेयर क्षेत्र की फसल बर्बाद होने का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा सरसों और आलू की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार रात के बाद शनिवार सुबह के समय भी रिमझिम बारिश हुई। जिससे किसानों की चिंता और बढ़ा दी। शुक्रवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे तेज हवाएं चली। घरों के खिड़की दरवाजे बजने लगे। कुछ ही समय में हवाओं ने आंधी का रूप ले लिया। थोड़ी देर बाद तेज बारिश होने लगी। बिजली की तेज गड़गड़ाहट से सोते हुए लोग जाग उठे। करीब आधे घंटे तक बरसात होते रही। सुबह उठकर लोगों ने देखा तो गली-मोहल्ले व बाजारों में जगह-जगह जलभराव नजर आया। शनिवार सुबह करीब नौ बजे आसमान में काले बादल छा गए। फिर हल्की बारिश हुई जिससे लोगों को कार्यालय, दुकान आदि स्थानों पर पहुंचने में समस्या हुई। ग्रामीण क्षेत्र में किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। रात को तेज आंधी और बारिश से किसानों के खेत में लहलहाती गेहूं की फसल गिर गई और खेतों में पानी भर गया। जिला कृषि अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि इससे करीब 13 हजार हैक्टेयर गेहूं की फसल बर्बाद हुई है। वहीं जिन किसानों ने सरसों की फसल काटकर सुखाने के लिए खेत में छोड़ दी थी उन्हें भी नुकसान हुआ है। करीब पांच फीसदी किसानों को सरसों की खेती में नुकसान हुआ है। आलू की खोदाई का भी सीजन चल रहा है। जिन किसानों ने अभी तक खोदाई शुरू नहीं की है उन्हें भी नुकसान है। करीब तीन फीसदी आलू की फसल प्रभावित हो सकती है। गेहूं की बाली पड़ सकती है पीली- वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि रक्षा त्रिबल सिंह ने बताया कि गेहूं के खेतों में अगर ज्यादा पानी भर गया है तो नीचे की पत्तियां पीली पड़ जाएंगी। इससे गेहूं का उत्पादन कम होगा। वहीं जिन खेतों में फसल गिर गई है, उसमें करीब 10 फीसदी का नुकसान होगा। सरसों की फसल अगर कट चुकी है तो उसमें नुकसान हो सकता है। सरसों का दाना काला पड़ जाएगा और खराब हो जाएगा। वहीं आलू की फसल में अगर पानी भर गया है तो फफूंद का रोग लग जाएगा जिससे आलू के सड़ने की आशंका होगी। जैथरा में पेड़ गिरने से बचे लोग जैथरा में शुक्रवार रात आंधी में पालीवाल की बगिया के रिहाइशी इलाके में अशोक का पेड़ टूटकर गिर गया। इस दौरान हलवाई कारीगर अपनी दुकान से घर जा रहे थे, जो बाल-बाल बच गए। कई दुकानों के बोर्ड, टिनशेड उड़कर एक दूसरे की छतों पर जा गिरे।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# डीएम ने देखी कृषि उत्पादन मंडी समिति में स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डीएम ने देखी कृषि उत्पादन मंडी समिति में स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था की कमान पैरामीलिट्री जवानों ने संभाल रखी है। शनिवार को डीएम अंकित कुमार, एसएसपी उदयशंकर सिंह ने मंडी समिति पहुंचकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को देखा। स्ट्रांग रूम की चक्रवार सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ईवीएम की सुरक्षा को प्रत्येक स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी से आच्छादित किया गया है-डीएम ईवीएम की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए-डीएम डीएम ने सीसीटीवी कक्ष में जाकर चारों विधानसभा क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किये। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार 28 फरवरी तक मनोज शर्मा बीडीओ मारहरा, विजय कुमार निरीक्षक क्राइम ब्रांच को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक एवं छोटेलाल निरीक्षक क्राइम ब्रांच, अजीत कुमार दिव्यांगजन अधिकारी को अपराह्न 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक तथा अजीत कुमार सिंह तहसीलदार न्यायिक, मनोज कुमार निरीक्षक क्राइम ब्रांच को रात्रि 11 बजे से प्रातः 7 बजे तक के लिए तैनात किया गया है। डीएम ने तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूर्ण मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर सौंपे दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें।

## स्कार्पियों की टक्कर से ऑटो पलटा, सात घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- हादसा पुराने एआरटीओ कार्यालय के पास हुआ। मानपुर स्थित कांशीराम कालोनी से कुछ लोग कार्यक्रम में हलवाई का कार्य करने के लिए अवागढ़ जा रहे थे। सुबह स्कार्पियों ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो पलट गया। ऑटो सवार विष्णु, नैतिक, कार्तिक, अमित, सुमित, रजत, गौरव निवासी कांशीराम कालोनी कोतवाली नगर घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अन्य सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए।

WWW.KNSLLIVE.COM

# यूक्रेन में उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपदवासी कण्ट्रोलरूम पर दर्ज कराएं सूचना-जिलाधिकारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि वर्तमान में यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत भारतीय दूतावास, कीव, यूक्रेन, में मौजूद सभी भारतीयों ( भारतीय विद्यार्थियों व अन्य लोगों ) को सम्भावित मदद पहुंचाने के लिये विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हेल्पलाइन संचालित की गई हैं। जिसके तहत कन्ट्रोल रूम नं0-1800118797 ( टोल फ्री ), +911123012113, +911123014104, +911123017905 हैं। शासन द्वारा जारी राज्य कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 0522-1070 व मो0नं0-9454441081 हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में फंसे भारतीयों की मदद करने एवं उनको भारत लाए जाने के लिए सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है। राहत आयुक्त कार्यालय उ0प्र0 शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि यूक्रेन देश में जनपद एटा के चार व्यक्ति/छात्रों के फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई है। ये व्यक्ति/छात्र फ्लाइट के माध्यम से अतिशीघ्र दिल्ली पहुंचाऐ जाएंगे, जिसके उपरान्त उनको एटा में सकुशल उनके घर भेजा जाएगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि शासन के माध्यम से जिले के जो भी व्यक्ति/छात्र यूक्रेन में फंसे हैं उनको सकुशल उनके घर वापिस पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के परिवारीजन, बच्चे यूक्रेन देश में फंसे हैं, तो वे जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम नं0-1950, 05742-233312, 233315, 233316, 233317 पर सम्पर्क स्थापित कर परिवारीजनों के संबंध में सूचना उपलब्ध करा सकते हैं।

WWW.KNLSIVE.COM

# महाशिव रात्रि को लेकर एएसपी ने लिया कैलाश मंदिर का जायजा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- महाशिव रात्रि पर्व पर शिवभक्तों द्वारा विभिन्न गंगाघाटों से पवित्र जल लेकर यहां के प्राचीन कैलाश मंदिर पर जलाभिषेक किया जाता है। हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह ने कोतवाली नगर इंस्पेक्टर के साथ मिलकर कैलाश मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस साल की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व 1 मार्च 2022 को जिलेभर में मनाया जाएगा। पर्व की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कैलाश मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लिया। शिव मंदिर प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से वार्ता की, साथ ही महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने की अपील भी की।

# फसल बीमा की राशि फर्जी तरीके से आहरित करने के मामले में मुख्य आरोपी शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित भैयाथान का है मामला**

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- थाना झिलमिली पुलिस की कार्यवाही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित भैयाथान में कृषकों के खाते में जमा फसल बीमा की राशि कृषकों के फर्जी हस्ताक्षर कर आहरित कर करीब 34 लाख रूपये गबन करने के मामले में थाना झिलमिली में अपराध क्रमांक 117/21 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। पूर्व में पुलिस ने 2 आरोपी सुबेदार सिंह एवं सुनील यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा था। धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी शाखा प्रबंधक जगदीश कुशवाहा मामला पंजीबद्ध होने के बाद से ही फरार था। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश अग्रवाल ने सूचना तंत्र मजबूत करते हुए प्रकरण में मुख्य आरोपी शाखा प्रबंधक की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में फरार आरोपी की पतासाजी लगातार की जा रही थी इसी बीच रविवार को मुखबीर की सूचना पर सूरजपुर में प्रकरण का मुख्य आरोपी जगदीश कुशवाहा पिता रामबिलास कुशवाहा निवासी चंदरपुर, थाना भटगांव को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली बसंत खलखो, एएसआई धनेश्वर कुशवाहा, प्रधान आरक्षक हेमन्त सोनवानी, आरक्षक विश्वजीत सिंह, निलेश जायसवाल व दिनेश ठाकुर सक्रिय रहे।

# महाशिव रात्रि, पर्व पर मजिस्ट्रेट ड्यूटी हेतु अधिकारियों की तैनाती

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पर्व पर मजिस्ट्रेट ड्यूटी हेतु अधिकारियों की तैनाती जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने अवगत कराया है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिव रात्रि का पर्व 01.03.2022 को मनाया जाना प्रस्तावित हे। इस अवसर पर शिवभक्तों/श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न गंगाघाटों, नदियों व सरोवरों से पवित्र जल लेकर शिव मन्दिरों/शिवालयों में जलाभिषेक किया जाता हे। इस अवसर पर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है। कैलाश मन्दिर हेतु डिप्टी कलक्टर विवेक राजपूत को, शिव मन्दिर परसौंन हेतु तहसीलदार एटा चन्द्र प्रकाश सिंह, शिव मन्दिर रिजोर हेतु नायब तहसीलदार एटा आशीष कुमार त्रिपाठी को, शिव मन्दिर अचलपुर, मिरहची हेतु बी0डी0ओ0 मारहरा मनोज कुमार शर्मा को, शिव पावती मन्दिर जलेसर हेतु उप जिलाधिकारी जलेसर अलंकार अग्निहोत्री को, शिव मन्दिर पटना पक्षी बिहार जलेसर हेतु तहसीलदार जलेसर राजेश कुमार (प्रथम) को, शिव मन्दिर अवागढ हेतु बी0डी0ओ0 जलेसर महेश चन्द्र को, श्री नील कण्ठेश्वर मन्दिर धौलेश्वर निधौलीकलां हेतु तहसीलदार न्यायिक एटा अजीत कुमार सिंह को, शिव मन्दिर अलीगंज हेतु तहसीलदार अलीगंज राकेश कुमार (प्रथम) को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है। संबंधित मजिस्ट्रेट अपने-अपने स्तर से तहसील स्तरीय अधिकारियों को तैनात कर अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशा0) से समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने तहसील क्षेत्र में शान्ति/कानून व्यवस्था बनाये रखें- डीएम

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# कलेक्टर ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

**जिले में 1लाख 27 हजार 1 सौ 95 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी**

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- उसे कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा में बनाए गए पोलियो बूथ पहुंचकर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को दो बूंद पल्स पोलियो खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने दोनों पुत्रियों आद्य सिंह, अक्षरा सिंह को भी पल्स पोलियो खुराक पिलाया। जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ आर एस सिंह एवं टीकाकरण के नोडल अधिकारी डॉ अजय मरकाम ने भी बच्चों को पल्स पोलियो का खुराक पिलाया।जिले में 1लाख 27 हजार 1 सौ 95 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। पार्षद गणों द्वारा भी पल्स पोलियो खुराक बच्चों को पिलाया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 2022 का आयोजन जिले में 27 फरवरी 2022 से किया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान में 27 फरवरी 2022 को बूथ पर तथा 28 एवं 01 मार्च 2022 को घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु लगभग एक लाख सताईस हजार एक सौ पंचानबे 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी जिसके लिए 725 पोलियो बूथ पर 900 टीम तथा 2325 कर्मचारी निर्धारित स्थान पोलियो बूथ, रेलवे स्टेशन, हाट बजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलायेंगे। जिला मुख्यालय से पल्स पोलियो अभियान की सतत् निगरानी हेतु प्रत्येक विकास खण्डों हेतु मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है। टीम के द्वारा 27 फरवरी 2022 को बूथ लेबल पर भ्रमण तथा 28 फरवरी एवं 01 मार्च 2022 को घर-घर भ्रमण कर अभियान की सतत् निगरानी की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह तथा डॉ. अजय मरकाम जिला टीकाकरण अधिकारी की देख-रेख में जिले की टीम पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु भ्रमण करेगी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ आर एस सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अजय मरकाम, प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री शुभम श्रीवास्तव, एल्डरमैन त्रिलोकी सिंह,पार्षद गण श्री राम सिंह, श्री संतोष सोनी, वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर श्री सत्येंद्र खुटे, श्री सीके महेश्वरी सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद थे।

# कोरोना की कैद से बाहर निकलता छत्तीसगढ़, 24 घंटे में 151 नए मरीज मिले, 2 हजार से कम एक्टिव केस

छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण बहुत तेजी कम हो रहा है। पॉजिटिविटी दर भी 1% से नीचे है। शनिवार को प्रदेश में 151 नए केस मिले। वहीं पिछले 24 घंटे में कोरोना से 2 लोगों की जान भी चली गई। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 1887 हो गई है। इस महामारी से प्रदेश में अब तक 14 हजार 26 लोगों की जान जा चुकी है। संक्रमण के घटते ही अनलॉक की प्रकिया भी शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को प्रदेश में 151 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बिलासपुर में 18 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद रायपुर में 13, बलरामपुर व सरगुजा में 12-12, दुर्ग में 11, बेमेतरा में 10, जांजगीर-चांपा में 9, धमतरी, बस्तर व कोंडागांव में 6-6, कबीरधाम, गौरेला-पेंड्रा व जशपुर में 5-5, रायगढ़, कोरिया व सूरजपुर में 4-4, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, कोरबा, मुंगेली व कांकेर में 3-3, गरियाबंद व दंतेवाड़ा में 2-2, नारायणपुर व बीजापुर में 1-1 नए केस मिले हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 1,887 हो गई है।



प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 1% से भी कम - शनिवार को 20 हजार 362 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 151 मरीज मिले हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर घटकर 0.74% हो गई है। 24 घंटे में कोरोना से जांजगीर-चांपा व बीजापुर जिले में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। हॉस्पिटल से 21 लोग डिस्चार्ज हुए राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है। पॉजिटिविटी दर भी से कम है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527